केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
## नई दिल्ली110027
## PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA TAGORE GARDEN NEW DELHI 110027

E Mail Id: kvtagoregarden@gmail.com
Website: tagoregarden.kvs.ac.in
Affiliation No.: 2700008
CBSE No.: 65499

No.F. 1448/ ख़रीददारी/के.वी. टैगोर गार्डन/2024/ दिनांक : 19.12.2024

**निविदा दस्तावेज: (निविदा पूछताछ)**
**(कैंटीन)**

विषय: सेवा अनुबंध के माध्यम से (कैंटीन) प्रदान करने वाले सेवा प्रदाता की सेवा लेने हेतु बोली आमंत्रण के लिए नियम एवं शर्तें और निविदा दस्तावेज।

महोदय/महोदया

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली, केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रशासित एक नागरिक क्षेत्र का विद्यालय है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन,समाज पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत, शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय पूर्णवित्त पोषित स्वायत्तशासी निकाय है।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली द्वारा, जैसा कि नीचे बताया गया है, कार्य आदेश जारी करने की तिथि से एक साल की अवधि के लिए सेवा अनुबंध के माध्यम से विद्यालय में कैंटीन सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता फर्म से मुहरबंद प्रतिस्पर्धी बोलियों को आमंत्रित किया गया है: -

1. अनुबंध, अनुबंध की तिथि से प्रारम्भ के एक वर्ष तक वैध रहेगा तथा इसके पश्चात आवश्यक होने पर आपसी सहमति से आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।
2. विद्यालय में कैंटीन संचालन हेतु ठेकेदार के पास वैध भोजन की व्यवस्था या आवश्यक अनुज्ञा-पत्र या अनुमति (मंजूरी) पत्र होना आवश्यक है।
3. मूल्य-सूची इस अनुबंध के साथ संलग्न की जाएगी जो कि एक वर्ष के लिए वैध होगी। विद्यालय में कैंटीन हेतु ठेकेदार उन्हीं वस्तुओं कि आपूर्ति करेगा जिन वस्तुओं को प्राचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली सीबीएसई/केवीएस के निर्देशों के अनुसार अनुमोदित करेंगे।
4. अनुच्छेद -1 में अंकित सभी भोज्य - पदार्थों कि आपूर्ति हेतु ठेकेदार जिम्मेदार होगा।
5. कैंटीन हेतु भवन विद्यालय द्वारा किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। कैंटीन के उचित संचालन एवं संरक्षण हेतु ठेकेदार जिम्मेदार होगा। उपकरणों कि मरम्मत एवं रख-रखाव कर कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा तथा इस हेतु वह किसी प्रतिपूर्ति कि मांग नहीं करेगा।
6. खराब खाने के कारण हुई बीमारी (फूड प्वाइजनिंग) / संदूषण होने कि स्थिति में ठेकेदार पूरी तरह जिम्मेवार होगा तथा वह (फूड पोइजनिंग) / संदूषण पर होने वाले खर्च को वहन करेगा साथ ही सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी।
7. कार्य क्षमता को बनाए रखने हेतु ठेकेदार पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों को बहाल करेगा।
8. ठेकेदार द्वारा लगाए गए सभी कर्मचारी ठेकेदार के स्वयं के कर्मचारी होंगे तथा वे (कर्मचारी) प्राचार्य, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली से किसी प्रकार कि सुविधा कि मांग नहीं करेंगे। कर्मचारियों के सामान्य व्यवहार एवं शालीन आचरण के संबंध में प्रशासन कि पूरी जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी।
9. सामान्य स्वास्थ्य के संदर्भ में ठेकदार अपने सभी कर्मचारियों जो किसी संक्रामक बीमारी से ग्रस्त न हो का स्वास्थ्य पंजीकरण अनुमोदित, पंजीकृत चिकित्सक जो कि भारतीय चिकित्सीय परिषद से मान्यता प्राप्त हो, से कराकर ही कार्य पर लगाएगा।
10. कैंटीन परिसर एवं रसोई में बर्तन, उपस्कर आदि कि सफाई कि पूरी ज़िम्मेदारी ठेकेदार कि होगी। सफाई हेतु सफाई उपकरण जैसे डस्टर आदि संस्थान द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जायेंगे।

19.12.2024
डॉ० संजय कुमार / Dr. Sanjay Kumar
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Tagore Garden
नई दिल्ली / New Delhi-27

11. ठेकेदार द्वारा कैंटीन कक्ष, रसोई एवं संबंध सेवाओं में स्वच्छता एवं सफाई के ऊँचे स्तर का अनुपालन किया जाएगा तथा अपशिष्ट एवं कूड़ा-कचरा के आवधिक निस्तारण के लिए ठेकेदार एवं उनके कर्मचारी ज़िम्मेवार होंगे।

12. कैंटीन सभी विद्यालयी कार्य दिवस पर भोजन व्यवस्था हेतु खुली रहेगी।

13. कैंटीन इंचार्ज की अनुमति के बिना ठेकेदार कोई भी सामान या स्टोर विद्यालय परिसर से बाहर नहीं ले जाएगा। यदि आपूर्ति किए जाने वाले अनुमोदित सामग्री की आपूर्ति करने में ठेकेदार विफल रहता है तो उस स्थिति में विद्यालय प्रशासन ठेकेदार की जोखिम एवं व्यय पर उस सामग्रियों की व्यवस्था करेगा।

14. बीमा नियम के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय में ठेकेदार द्वारा काम पर लगाए गए कर्मचारियों का बीमा करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कर्मचारी स्टाफ बीमा नियम, कामगार क्षतिपूर्ति नियम, कर्मचारी भविष्य निधि एवं पारिवारिक पेंशन फ़ंड नियम - 1952 तथा अन्य नियम जो इन पर लागू होते हैं, ठेकेदार के द्वारा प्रदान किया जाएगा ।

15. ठेकेदार के द्वारा कैंटीन में लगाए गए सभी कर्मचारियों की सूची पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली को मुहैया कराई जाएगी और इसमें कोई बदलाव होने पर इसकी सूचना विद्यालय को दी जाएगी।

16. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली में नियुक्त कर्मचारियों के आरक्षी सत्यापित दस्तावेज़ ठेकदार द्वारा नियुक्ति के 15 दिनों के अंदर विद्यालय में जमा करना आवश्यक है । ऐसा नहीं करने पर ऐसे कर्मचारियों को विद्यालय में काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ठेकेदार द्वारा उसे अविलंब हटाकर ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करना होगा जिसका आरक्षी सत्यापन पूर्ण हो चुका हो।

17. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली को पूर्ण अधिकार होगा कि वह किसी समय कैंटीन कर्मचारियों के विद्यालय परिसर से बाहर जाते समय उनकी तलाशी ले सके । इसमें न तो ठेकेदार और न ही कर्मचारी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। ठेकेदार अपने कर्मचारियों के लिए पीएम श्री के.वि. टैगोर गार्डन द्वारा अनुमोदित प्रारूप में पहचान पत्र जारी करेंगे।

18. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली द्वारा नामित व्यक्ति को यह अधिकार होगा कि वह कैंटीन में पके व बिना पके खाद्य-सामग्रियों कि गुणवत्ता जाँच हेतु कैंटीन से नमूना ले सकता है । यह नमूना केवल अधिकृत व्यक्ति ही ले सकता है।

19. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली द्वारा कैंटीन की कार्य प्रणाली, स्वच्छता एवं संबन्धित सेवाओं की जाँच (देखरेख) कि लेए कैंटीन प्रबन्धक समिति का गठन किया जाएगा।कैंटीन के रख-रखाव के संबंध में समिति द्वारा दिये गए निर्देशों के बार-बार उल्लंघन कि स्थिति में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष / सचिव को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार के ऊपर <u>5000/-</u> रुपये का जुर्माना कर सकेगा जो ठेकेदार द्वारा जमा सुरक्षा जमा राशि से काट लिया जाएगा एवं कार्य प्रणाली संतोष जनक नहीं पाये जाने पर कैंटीन समिति के अनुमोदन पर एक महीना की सूचना पर संविदा रद्ध किया जा सकता है |

20. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि कैंटीन परिसर में कोई भी खतरनाक एवं ज्वलनशील पदार्थ अथवा जहरीला पदार्थ नहीं रखा गया है।

21. ठेकेदार **<u>VVN A/c KV Tagore Garden, New Delhi</u>** के नाम धरोहर राशि <u>10000/-</u> रुपए डिमांड ड्राफ्ट टेक्निकल बीड के साथ संलग्न करेगा ।

22. ठेकेदार प्रबंधन द्वारा दिये गए लाइसेन्स को किसी और को नहीं देगा तथा प्रबंधन द्वारा दिये गए स्थान का उपयोग केवल कैंटीन चलाने के उद्देश्य से ही करेगा और उसके किसी भी हिस्से में किसी तरह का परिवर्तन नहीं कर सकेगा। ठेकेदार केवल कैंटीन के लिए आवश्यक सामग्री ही रखेगा। वह कैंटीन कि संरचना में किसी तरह का परिवर्तन नहीं कर सकेगा।

23. ठेकेदार या उसके कर्मचारियों द्वारा विद्यालय कि संपत्ति को क्षति पहुंचाए जाने कि स्थिति में ठेकेदार उत्तरदायी होगा और नुकसान की क्षतिपूर्ति करेगा। इसके अलावा यदि यह क्षति रोजाना उपयोग या दैवीय प्रकोप का कारण होने पर वह ज़िम्मेवार नहीं होगा।

24. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली ठेकेदार द्वारा कैंटीन में रखे गए सामानों के नुकसान एवं क्षति के लिए ज़िम्मेवार नहीं होगा।

25. अनुबंध टूटने की स्थिति में दोनों तरफ से लिखित में एक महीने की पूर्व सूचना दी जाएगी। लाईसेंस अवधि की समाप्ति या उससे पहले पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली के द्वारा कहे जाने पर ठेकेदार को शांतिपूर्वक कैंटीन परिसर खाली करना होगा और ठेकेदार विद्यालय द्वारा प्रदत्त उपस्कर व अन्य सामग्री वापस करेगा। ठेकेदार द्वारा साथ ही साथ उसके द्वारा लगाए गए उपस्कर व अन्य सामग्रियों को ले जाने के लिए स्वतंत्र होगा।

26. किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली के प्राचार्य का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

27. ठेकेदार को सिर्फ पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली में कैंटीन चलाने के लिए परिसर का उपयोग करने के की अनुमति दी जाएगी इसके अलावा ठेकेदार को परिसर के इस्तेमाल का कोई कानूनी अधिकार नहीं होगा।

28. ठेकेदार कैंटीन में उपयोग की जाने वाले बर्तन, गैस-स्टोव आदि का प्रबंध स्वयं करेगा।

29. ठेकेदार को अन्य कार्यालयों में कैंटीन चलाने का कम से कम तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए ।

19.12.2024

डॉ० संजय कुमार / Dr. Sanjay Kumar
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Tagore Garden
नई दिल्ली / New Delhi-27

30. ठेकेदार को उन संस्थाओं की सूची जहां उसने कैंटीन चलाई है की सूची पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली में जमा करवानी होगी।

31. ठेकेदार अपने फ़र्म का पैन नंबर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली में जमा करवाएगा। बिना पैन नंबर के किसी भी तरह का भुगतान जारी नहीं किया जाएगा और सभी प्रकार का कर उनके भुगतान से काट लिया जाएगा। केवल स्पीड पोस्टद्वारा निविदा पहुंचने की अंतिम तिथि **02.01.2025** तथा खोलने का समय दिनांक **03.01.2025** रहेगा ।

32. ठेकेदार नोट करे कि एक लिफाफे में पेन कार्ड, जी एस टी पंजीकरण, फूड लाईसेंस की फोटोकोपी, अनुभव प्रपत्र व धरोहर राशि ड्राफ्ट डालकर लिफाफे के ऊपर टेकनिकल बीड लिखे, दूसरे लिफाफे मे लेटर हैड के साथ अनुलग्नित रेट लिस्ट पर ठेकेदार के हस्ताक्षर फ़र्म की स्टम्प लगा कर फाइनेंसल बीड लिखे तथा दोनों लिफाफो को तीसरे लिफाफे में डालकर लिफाफे पर "कोटेशन कैंटीन" लिखे और प्राचार्य , पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली -110027 पर भेजे ।

19.12.2024

(डॉ संजय कुमार)
प्राचार्य

डॉ० संजय कुमार / Dr. Sanjay Kumar
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Tagore Garden
नई दिल्ली / New Delhi-27

अनुच्छेद -1

| पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन, नई दिल्ली -110 027<br>कैंटीन आइटम की सूची | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Brief description of Items | Qty | Rates Proposed including all taxes and Rates not more than (in Rs.) | Rates Quoted including all taxes by Firm (in Rs) |
| 1 | Hot Tea | One cup (125 ML) | 8 | |
| 2 | Hot Coffee | One cup (125 ML) | 10 | |
| 3 | Hot Tea (Dip) | One cup (125 ML) | 10 | |
| 4 | Hot Coffee (Dip) | One cup (125 ML) | 12 | |
| 5 | Hot tea | High quality | 10 | |
| 6 | Hot coffee | High quality | 12 | |
| 7 | Samosa/Aloo Bonda | Patato with peas | 10 | |
| 8 | Bread Pakora | Patato with peas | 15 | |
| 9 | Paneer Pakora | 30 gram | 20 | |
| 10 | Mix Pakora | 50 gram, 100 gram | 8, 15 | |
| 11 | Kachori – One | Without sabzi | 10 | |
| 12 | Kachori- One | With sabzi | 15 | |
| 13 | Omlette (one egg) | With two slice | 10 | |
| 14 | Omlette (two egg) | With four slice | 20 | |
| 15 | Gulab Zamun – One | 50 gram | 15 | |
| 16 | Balu Shahi – One | 50 gram | 15 | |
| 17 | Besan Ladoo – One | 50 gram | 10 | |
| 18 | Burfi – One | 35 gram | 15 | |
| 19 | Spunge Rasoogulla – One | 50 gram | 20 | |
| 20 | Sambar Vada,, Single piece with sambar | Single Piece | 20 | |
| 21 | Sambar Vada,, Two piece with sambar | Two Piece | 40 | |
| 22 | Idli | Single Piece | 20 | |
| 23 | Idli | Two Piece | 40 | |
| 24 | Masala Dosa with sambar and chuteny | one | 70 | |
| 25 | Plain Dosa with sambar | one | 50 | |
| 26 | Ordinary Lunch | 4 Roti, Rice, One seasonal vegetable, Dal, Slad, | 70 | |
| 27 | Special Lunch | 4 Roti, Pulao, Paneer vegetable, Dal, Slad, Pappad, sweet | 100 | |
| 28 | Rice with Dal/Vegetable one place | Half plate | 35 | |
| 29 | Vegetable/Dal | Half plate | 20 | |
| 30 | Paneer Vegetable | Half plate | 35 | |
| 31 | Roti | per piece | 5 | |
| 32 | Vegetable Pulao | Half plate, Full Plate | 25, 40 | |
| 33 | Biscuit/Cold drink/etc. | Not more than MRP. | M.R.P | |

19.12.2024

डॉ० संजय कुमार / Dr. Sanjay Kumar
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Tagore Garden
नई दिल्ली / New Delhi-27

| MENU FOR LUNCH/DINNER/BREAKFAST FOR Sports participants COURSE/SEMINAR/WORKSHOP | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Brief description of Items | Qty | Rates Proposed and not more than (in Rs.) | Rates Quoted by Firm (in Rs) |
| 34 | Breakfast ( 200 ml Milk, 04Pcs Bread with butter and Jam , Idli & Bada with Sambar, Chatni or Dalia/Poha or Aloo parantha, & curd or Puri +Sabji 02 pcs of banana or 01pcs of apple / Seasonal Fruits and 02 pcs boiled eggs OR Sprouts | Per head | 70 | |
| 35 | Training Time : Lime water/Juice/Lassi etc. | Per head | 30 | |
| 36 | Lunch ( Chapati (Tawa/Tandoor), Plane Rice, Jeera Rice,/ Rice Pulab<br>Daal or Rajma or Chhole(any one)<br>Seasonal mixed vegetable,Kfta/ Beson curry paneer for vegetarians,and egg/Fish/Chicken/Mutton curry<br>salad papad, Pickles and curd /Raita<br>Sweet dish/Fruits Custard/Kheer/Fruits(any one) | Per head | 125 | |
| 37 | Evening Snacks( Juice-200 Ml with snacks (i.e. sandwich/samosa/aloo bonda / Patties | Per head | 30 | |
| 38 | Dinner : Chapati,(Tawa/Tandoor) Plane Rice Jeera Rice/ Rice Pulab ,Sweet/ Daal or Rajma or Chhole(any one)<br>Seasonal mixed vegetable,Kfta/ Beson curry paneer for vegetarians,and egg/Fish/Chicken/Mutton curry<br>salad papad, Pickles and curd /Raita<br>Sweet dish/Fruits Custard/Kheer/Fruits(any one) | Per head | 125 | |
| 39 | Night (Bed-time):- Milk 200 ml/Branded Ice cream | Per head | 20 | |
| 40 | **MENU FOR WORKING LUNCH** | | | |
| (a) | **<u>Break Fast</u>** – Puri, Sabji/Idli, Bada & Sambar Bada/Sandwich, Poha/Eggs/Banana + Tea | Per head | 300 | |
| (b) | Lunch - (Chapati (Tawa/Tandoor), Plane Rice, Jeera Rice,/ Rice Pulab<br>Daal or Rajma or Chhole(any one)<br>Seasonal mixed vegetable,Kofta/ Beson curry paneer for vegetarians,and egg/Fish/Chicken Curry/Mutton curry<br>salad papad, Pickles and curd /Raita<br>Sweet dish/Fruits Custard/Kheer/Fruits(any one) | | | |
| (c) | Tea with Snacks – 3 to 4 times as per requirement. | | | |
| (d) | Water in Sealed Water Bottle throughout the day as per requirement. | | | |
| 41 | Bedding i.e. 1 Matters +1 bed sheet + 1Chaddar/quilt +1 Pillow | Per set | 100 | |
| 42 | Cot | Per set | 75 | |
| 43 | **Canteen Room Rent** | **Per Month** | | |
| 44 | Electric Charges | Per Month | As per meter reading | |

Note : 1. Row no. **43** is basically for evaluation purpose. **<u>The tender will be evaluated on the basis of canteen room rent only. The bidder who will quote the highest room rent and fulfill other required criteria will be considered as successful bidder.</u>**

2. **केवीएस के द्वारा समय-समय पर जारी कैंटीन से संबन्धित नियमवाली पीएम श्री के.वि. टैगोर गार्डन, नई दिल्ली पर भी लागू होगी|**

3. केंद्रीय विद्यालय संगठन के आदेशानुसार कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने पर रेट लिस्ट के.वि.सं. MODULE के अनुसार होगी जो कि कांट्रेक्टर को मान्य होगी और उसी रेट पर कार्य करने होगा ।

19.12.2024

(डॉ संजय कुमार)
प्राचार्य

डॉ० संजय कुमार / Dr. Sanjay Kumar
प्राचार्य / Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन
PM Shri Kendriya Vidyalaya, Tagore Garden
नई दिल्ली / New Delhi-27